दिनांकः 23.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज–वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन सुबह 11 बजे लोकसभा में करेंगी पेश।
- मिशन ''हरियालो राजस्थान'' के तहत अगले पांच साल में पांच हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च–राज्य के वन आच्छादित क्षेत्र को 20 हजार हैक्टेयर बढ़ाया जाएगा।
- राष्ट्रीय प्रसारण दिवस आज–1927 में मुंबई से हुई थी रेडियो प्रसारण की शुरूआत।
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात–मौसम हुआ खुशनुमा।

.....................

एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज आएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन सुबह 11 बजे लोकसभा में वित्त वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। वित्तमंत्री का ये लगातार सातवां बजट होगा। लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में वित्त्मेंत्री ने अंतरित बजट पेश किया था। बजट को लेकर सभी वर्गों में उत्सुकता है। कल संसद के बजट सत्र की शुरूआत हुई। इसमें दोनों सदनों में पिछले वित्त वर्ष का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। वहीं कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद है। श्रीमती सीतारामन ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में सेवा क्षेत्र का उल्लेखनीय योगदान जारी है और साल 2024 में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 प्रतिशत रहा। सेवा क्षेत्र में सात दशमलव छह प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने बताया कि अर्थव्यवस्था मजबूत रास्ते पर और स्थिर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में आने वाले वर्षों में अच्छा काम होगा। डॉ. नागेश्वरन ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को 2030 तक कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में हर साल करीब अठत्तर लाख से ज्यादा रोजगार पैदा करने होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्थिक सर्वेक्षण देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही सरकार की ओर से किए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को दर्शाता है। श्री मोदी ने कहा कि ये बजट विकसित भारत की दिशा में रोडमैप साबित होगा।

.....................

राज्य विधानसभा की शुरूआत आज प्रश्नकाल से होगी। इसके बाद ब्यावर में अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने और चौमूं में भूमाफियाओं की बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के मामलों पर ध्यान आकर्षित किया जाएगा। विधानसभा में प्रमुख सचिव ने बताया कि सदन में आज विभिन्न प्रतिवेदन और ऑडिट रिपोर्ट रखी जाएंगी। इसके अलावा युवा मामले और खेल तथा महिला एवं बाल विकास और उद्योग विभाग की अनुदान मांगों पर विचार होगा।

000

वन और पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि मिशन 'हरियालो राजस्थान' के तहत अगले पांच साल में लगभग पांच हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य के वन आच्छादित क्षेत्र को साल 2028 तक 20 हजार हेक्टेयर बढ़ाया जाएगा। श्री शर्मा ने कल विधानसभा में कहा कि 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत प्रदेशभर में सात करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और मातृ वन की स्थापना भी की जाएगी।

.....................

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राजमेस के माध्यम से कार्यरत चिकित्सक तत्काल काम पर लौटें। सरकार उनकी वेतन विसंगति की समस्या पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर रही है। इस विसंगति को दूर करने के लिए नियमों में जरूरी संशोधन की कार्यवाही चल रही है। श्री

खींवसर ने ये जानकारी उनसे मिलने आए चिकित्सकों के समूह से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि समान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू करने के लिए राज्य सरकार नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

.....................

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कोऑर्पोरेशन ने आज ही के दिन 1927 में मुंबई से रेडियो प्रसारण की शुरूआत की थी। इसके बाद कोलकाता में निजी ट्रांसमीटरों से प्रसारण शुरू हुआ। 1930 में सरकार ने इसे अपने नियंत्रण में लिया और भारतीय प्रसारण सेवा के नाम से संचालित करना प्रारंभ किया। 1936 से इसे ऑल इंडिया रेडिया नाम दिया गया। इसके बाद 1956 में इसका नाम आकाशवाणी रखा गया। भारत के लोक प्रसारक के रूप में आकाशवाणी की आज 591 स्टेशनों के साथ देश की 98 प्रतिशत से अधिक आबादी तक पहुंच है और 23 भाषाओं और 146 बोलियों में प्रसारण होता है। वहीं आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करता है।

.....................

राजस्थान हाईकोर्ट ने गलता पीठ के महंत अवधेशाचार्य की नियुक्ति को रद्द कर दी है। अदालत ने कहा कि गलता पीठ के महंत पद पर राज्य सरकार ही नियुक्ति कर सकती है। विरासत के आधार पर गलता पीठ में महंत नहीं लगाया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने गलता पीठ की संपत्ति पर मूर्ति का अधिकार मानते हुए राज्य सरकार को इसका संरक्षक बताया। न्यायालय ने सरकार को गलता तीर्थ का उज्जैन के महाकाल मंदिर और अयोध्या के राम जन्म भूमि मंदिर की तर्ज पर विकास करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सात याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया, जिसकी सुनवाई 22 फरवरी को पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

.....................

बरसात के मौसम को देखते हुए अजमेर डाक मंडल ने रक्षा बंधन के लिए विशेष वॉटर प्रूफ लिफाफे और डब्बे तैयार करवाए हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस पहल से राखियां भाइयों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगी।

.....................

राज्य में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अजमेर में 44, चूरू में 41, सिरोही में 39, भीलवाडा में 33 और पिलानी में 30 मिलीमीटर पानी बरसा। उधर, डूंगरपुर में आज दिन की शुरूआत रिमझिम फुहारों से हुई। इससे मौसम सुहाना बना हुआ है। राजधानी जयपुर में भी आज सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं भरतपुर में भी हल्की बारिश होने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा हो गया है। झालावाड़ जिले में भी विभिन्न स्थानों पर आज सुबह से ही हल्की बरसात का दौर जारी है। जोधपुर शहर में लम्बे इंतजार के बाद कल अच्छी बरसात हुई। कई स्थानों पर सड़ाकों पर पानी भर गया। उधर, फलौदी में भी कल दोपहर मौसम अचानक बदला और उमस भरी गर्मी के बाद रिमझिम बारिश का दौर चला। जैसलमेर में कल रात तेज बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

.....................

केन्द्र ने आज सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, कोटा और झालावाड़ में बारिश की संभावना जताई है।

.....................

26 जुलाई को मनाए जाने वाले करगिल विजय दिवस के उपलक्ष में रजत जयंती महोत्सव की शुरूआत हो गई है। इसके तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। सप्त शक्ति कमान की ओर से जयपुर सैन्य स्टेशन पर कल वृक्षारोपण अभियान का आगाज़ हुआ। दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर जनरल मनजिंदर सिंह ने पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। उधर, बीकानेर में इस अवसर पर सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई है। रणबांकुरा ट्रेनिंग कैम्प परिसर में लगी ये प्रदर्शनी आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

.....................